ओ नीले घोड़े वाले

ओ नीले घोड़े वाले,तेरे खेल है निराले,
खाटू वाले तेरा तो जवाब नहीं,
हारे का सहारा मेरा श्याम धनि,

श्याम के जैसा इस दुनिया में और कोई दातार नहीं,
जो मांगे वो मिल जाता है करे कभी इंकार नहीं,
हार के द्वारे जो भी आया खाली नहीं कोई लौटाया,
जिस की पकड़ ले बांह सांवरियां उसकी नइयां पार लगी,
खाटू वाले तेरा तो जवाब नहीं.....

इक तीर से श्याम आपने अध्भुत खेल दिखाया था,
बिन सोचे ही श्री कृष्ण को तूने शीश चढ़ाया था,
देख के तेरी अमर कहानी ढंग रह गए बड़े बड़े दानी,
सेठो का तू सेठ कहाये ओ कलयुग के अवतारी,
खाटू वाले तेरा तो जवाब नहीं.....

भूले से भी जो कोई प्राणी श्याम शरण में आता है,
श्याम लगाता उसे गले ये कभी नहीं ठुकराता है,
राजा हो या कोई भिखारी साथ सभी के लाख दातारि,
अर्णव माधव महिमा गाये लहरदे तेरे मोर छड़ी,
खाटू वाले तेरा तो जवाब नहीं,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5977/title/o-neel-ghode-vale-tere-khel-hai-nirale-khatu-vale-tera-to-jwab-nhi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |